प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने आयुक्त एवं पार्षद को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

जयपुर, 24 मई 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय जयपुर शहर द्वितीय टीम ने शुक्रवार को झुन्झुनू में कार्रवाई करते हुये आयुक्त नगर परिषद झुंझुनू विनयपाल एवं पार्षद मनोज कुमावत को 1 लाख रूपये की रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त महानिदेशक श्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी आरिफ मोहम्मद एसीबी में शिकायत दी कि उसके जमीन पर प्लोटिंग करने देने की एवज में आयुक्त नगर परिषद झुन्झुनू उससे 4 लाख रूपये की रिश्वत की राशि की माॅग बिचैलिया पार्षद मनोज कुमावत के माध्यम से कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस जयपुर शहर द्वितीय श्री देशराज यादव के नेतृत्व में उक्त माॅग का सत्यापन फरवरी माह में करवाया गया सत्यापन के दौरान 50 हजार रूपये की रिश्वत की राशि पार्षद मनोज कुमावत द्वारा ली गई एवं मार्च भी ट्रैप कार्रवाही करने की कोशिश की गई थी लेकिन पार्षद द्वारा परिवादी को यह कहा की बची हुई सम्पूर्ण राशि एक साथ देवें। अन्ततः आज ट्रैप कार्रवाही के दौरान 1 लाख रूपये की रिश्वत की राशि पार्षद मनोज कुमावत द्वारा आयुक्त नगर परिषद झुन्झुनू के लिए ली गई जिस पर आयुक्त नगर परिषद विनयपाल, पार्षद मनोज कुमावत को गिरफ्तार किया गया एवं अग्रिम कार्रवाही जारी है।